प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 सोमवार दिनांक 03.03.2025

मुख्य समाचारः—

- वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने आज विधानसभा में आगामी वित्तीय वर्ष के लिए एक लाख पैंसठ हजार करोड़ रुपए का बजट पेश किया।

- यह बजट ''गति'' यानी गुड गवर्नेस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है।

- मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट से विकास और जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी।

- कांग्रेस ने आज रायपुर में ईडी ऑफिस के सामने किया धरना—प्रदर्शन।

बजट—01

वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी ने आज विधानसभा में वर्ष दो हजार पच्चीस—छब्बीस का बजट पेश किया। यह बजट एक लाख पैंसठ हजार करोड़ रुपए का है, जो पिछले बजट से बारह प्रतिशत अधिक है। बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट ''गति'' यानी गुड गवर्नेस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है। वित्त मंत्री ने हस्तलिखित बजट पेश किया। यह पहला मौका है जब राज्य में कंप्यूटर से टाइप्ड बजट की जगह खुद वित्त मंत्री ने अपने हाथों से लिखा गया सौ पृष्ठों का बजट सदन में प्रस्तुत किया।

वित्तमंत्री ने बजट में दस नवीन योजनाओं की घोषणा की है, जिसमें मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना, मुख्यमंत्री मोबाइल टावर योजना, मुख्यमंत्री परिवहन योजना, मुख्यमंत्री बायपास एवं रिंग रोड निर्माण योजना,

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना, मुख्यमंत्री गवर्नेस फेलोशिप, सियान केयर योजना, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, अटल सिंचाई योजना, छात्र स्टार्टअप एवं नवाचार नीति तथा राष्ट्रीय स्टॉक एक्सचेंज के साथ छात्र कौशल कार्यक्रम और वित्तीय निवेश प्रशिक्षण योजना शामिल हैं।

बजट–02

वित्तमंत्री ने बताया कि पेट्रोल पर वैट कटौती करते हुए पेट्रोल की कीमत पर एक रूपए प्रतिलीटर कम करने की घोषणा की है।

बजट में जशपुर जिले के कुनकुरी में नया मेडिकल कॉलेज खोलने की घोषणा की गई है।

बजट–03

बजट पेश करते हुए वित्तमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रदेश में सड़कों का नेटवर्क मजबूत करने के लिए रोड प्लॉन 2030 तैयार किया है। इसके तहत छोटे शहरों के लिए मुख्यमंत्री रिंगरोड योजना शुरू की जाएगी। रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्रों के विकास के लिए स्टेट कैपिटल रीजन विकसित किया जाएगा। राज्य में नई सड़कों के निर्माण के लिए बजट में दो हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

प्रदेश में अब जिलों की अलग से जीडीपी की गढ़ना की जाएगी। इसके अलावा नवा रायपुर में फार्मासूटिकल तथा जांजगीर चांपा में स्मार्ट इंडस्ट्रीयल पार्क बनाया जाएगा।

नवा रायपुर में राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान यानी निफ्ट की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा प्रदेश में बारह नये शासकीय नर्सिंग कॉलेज और छह नये शासकीय फिजियोथैरेपी कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।

बजट–04

राज्य को नेचरोपैथी हब के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से बस्तर, रायगढ़, मनेन्द्रगढ़ और जशपुर में योग तथा प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। दलहन, तिलहन फसलों को प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

बजट में बस्तर ओलंपिक के साथ ही बस्तर मड़ई और बस्तर में मैराथन के लिए भी प्रावधान किया गया है।

बजट–05

प्रदेश के बजट में बिलासपुर, अंबिकापुर और जगदलपुर से उड़ान सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना और अधोसंरचना के तहत चालीस करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सरोंना रायपुर और जनकपुर–मनेंद्रगढ़ में सौ–सौ बिस्तरों वाले नए अस्पताल की स्थापना के लिए प्रावधानराशि प्रदान की गई है। वहीं, तखतपुर बिलासपुर में पचास बिस्तरों वाले महिलाओं और बच्चों के अस्पताल, मनेंद्रगढ़ में मनोरोग अस्पताल, राखी, सारिया और कटघोरा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उन्नयन और रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए प्रावधान किया गया है।

बजट में शहरी क्षेत्रों में एक सौ पचास आंगनबाड़ी भवनों और ग्रामीण क्षेत्रों में एक हजार बारह सौ आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए चालीस करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सत्रह नये नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी दी जाएगी। इसके अलावा बलौदा बाजार – भाटापारा, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर–चांपा और जशपुर में पांच नए साइबर पुलिस थाने और कोरबा, जांजगीर–चांपा तथा सूरजपुर में तीन नए महिला पुलिस थाने स्थापित किए जाएंगे। नवा रायपुर में एकीकृत कमांड और नियंत्रण केंद्र के उन्नयन, संचालन और रखरखाव के लिए चालीस करोड़ रुपये और एक नए पावर सबस्टेशन के लिए बीस करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बजट में रायपुर में राष्ट्रीय स्तर की एकीकृत खाद्य और औषधि प्रयोगशाला की स्थापना के लिए सैंतालीस करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है।

बजट–प्रतिक्रिया

बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इस बजट से विकास और जनकल्याण के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह बजट राज्य को तेजी से विकास के पथ पर ले जाने वाला और वर्ष दो हजार तीस के लक्ष्यों की ओर अग्रसर करने का संकल्प है। इससे नवाचार अधोसंरचना और समावेषी विकास को बढ़ावा मिलेगा तथा राज्य की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

दूसरी ओर, कांग्रेस ने इस बजट को निराशाजनक बजट बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में लिखा है कि इस बजट में कुछ नहीं है, ना किसानों के लिए कोई योजना है, ना बेरोजगारों के लिए कोई योजना है और ना ही महंगाई कम करने के लिए कोई कार्ययोजना है।

कोयला घोटाला आरोपी–जमानत

कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में गिरफ्तार निलंबित आईएएस रानू साहू, सौम्या चौरसिया और व्यवसायी सूर्यकांत तिवारी को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत दे दी है। हालांकि रानू साहू और सौम्या चौरसिया के ऊपर डीएमएफ घोटाला मामले में ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज मामले में दोनों को जमानत नहीं मिली है।

आज कोल लेवी वसूली और मनी लांड्रिंग घोटाला मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इसकी जांच में काफी समय लगेगा, इसलिए समय लेने वाली प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करना उचित समझते हैं।

कांग्रेस–प्रदर्शन

प्रवर्तन निदेशालय–ईडी द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने आज राजधानी रायपुर में ईडी ऑफिस के सामने धरना–प्रदर्शन किया।

दूसरी ओर, ईडी ने आज कांग्रेस के प्रभारी महामंत्री मलकित सिंह गेंदू से कांग्रेस भवन निर्माण में उपयोग की गई राशि के संबंध में पूछताछ की।

<><><><><>